
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

13 जनवरी 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मन की ऊर्जा ही जीवन का सार है।



– अरस्तु

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

13 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दूसरों के बल पर वाहवाही लेना आसान है।

बहादुर वह है, जो अपने बल पर काम करे।

प्रेमचन्द



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

13 जनवरी

Gyan Drishti

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, पौष माह, शुक्ल पक्ष, पौष पूर्णिमा, सोमवार 13 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"सफलता हमेशा असफलता के स्तंभ पर खड़ी होती है इसलिए किसी को असफलता से घबराना नहीं चाहिए।"

## आज के दिन

1709– मुगल शासक बहादुर शाह प्रथम ने अपने भाई कमबख्स को हैदराबाद में पराजित किया।

1818– उदयपुर के राणा ने मेवाड़ के संरक्षण के लिये अंग्रेजों के साथ संधि की।

1849 – द्वितीय आंग्ल सिख युद्ध के दौरान चिलियांवाला की प्रसिद्ध लड़ाई शुरू हुई।

1910 – न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण प्रारम्भ हुआ।

1930– कॉमिक स्टिप मिकी माउस पहली बार प्रकाशित हुई। न्यूयॉर्क मिरर में छपने वाली इस कॉमिक की स्क्रिप्ट वॉल्ट डिजनी लिखते थे।

1948– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू–मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये आमरण अनशन शुरू किया।

1. **लोहड़ी का त्योहार–** लोहड़ी उत्तर भारत का प्रमुख फसल–पर्व है। अच्छी फसल के लिए सूर्य देव और अग्नि देव का आभार प्रकट किया जाता है। इस पर्व के पीछे और भी कई मान्यताएं हैं। मान्यता है कि लोहड़ी और होलिका दोनों बहनें थी। लोहड़ी अच्छी प्रवृति की थी और होलिका का व्यवहार अच्छा नहीं था। होलिका अग्नि में जल गई और लोहड़ी बच गई। इसके बाद से पंजाब में उसकी पूजा होने लगी और उसी के नाम पर लोहड़ी का पर्व मनाया जाने लगा। एक अन्य मान्यता के अनुसार, राजा दक्ष की पुत्री सती ने अपने पति भगवान शंकर के अपमान से दुःखी होकर खुद को अग्नि के हवाले कर दिया था। इसी की याद में ही नवविवाहित जोड़ी अग्नि जलाकर उसकी फेरी करते हैं। इस अवसर पर विवाहित बहन–बेटियों को घर बुलाया जाता है। ये त्यौहार बहन और बेटियों की रक्षा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। लोहड़ी के दिन वि"ोष पकवान बनते हैं जिसमें गज़क, रेवड़ी, तिल–गुड़ के लड्डु, मक्का की रोटी और सरसों का साग, मूँगफली प्रमुख होता है।
   - सदर्भः बच्चों से **पर्यावरण और हम भाग 2, पाठ 4 'त्योहार और भोजन'** अथवा **किसलय भाग–1, पाठ 17 'फसलों के त्योहार'** के संदर्भ में चर्चा करें।
2. **राकेश शर्मा का जन्म–** भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा का जन्म 13 जनवरी, 1949 ई. को पंजाब में हुआ था। जुलाई 1966 में उनका नेशनल डिफेंस एकेडमी (NDA) में एडमिशन हुआ। 21 साल की उम्र में वो एयरफोर्स से जुड़े और वहां वो सुपरसोनिक लड़ाकू विमान उड़ाया करते थे। 35 साल के उम्र में अंतरिक्ष में जाने वाले राकेश शर्मा 128वें इंसान थे और पहले भारतीय थे। इसरो और सोवियत संघ (अब रूस) के ज्वॉइंट मिशन के तहत राकेश शर्मा ने 3 अप्रैल, 1984 को सोयूज टी–11 से अंतरिक्ष यात्रा शुरू की थी। अंतरिक्ष में उन्होंने 7 दिन 21 घंटे और 40 मिनट बिताए थे।
3. **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का आमरण अनशन शुरू–** 13 जनवरी, 1964 ई. को भारत के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में हिंदू और मुसलमानों के बीच भयानक सांप्रदायिक दंगे हुए थे जिनमें कम से कम 100 लोग मारे गए थे और 400 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। दंगों की चपेट में कोलकाता के अलावा आस–पास के जिले भी आ गए थे। पुलिस ने लगभग सात हजार लोगों को हिरासत में लिया था लेकिन फिर भी दंगों पर काबू पाने में सफलता नहीं मिल रही थी। शहर के पांच थाना क्षेत्रों में मुसलमानों के घरों को आग लगाने और लूट–पाट की घटना के बाद प्रशासन ने वहाँ 24 घंटे का कर्फ्यू लगाने का फैसला किया था। पुलिस और सैन्य बलों को बलवाइयों और उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए गए थे। दंगे को रोकने के लिए महात्मा गांधी ने कोलकाता में आमरण अनशन शुरू कर दिया।

   जनवरी 1964 में भारत–प्रशासित कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक मस्जिद से इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद से जुड़ी एक खास चीज के गायब होने की खबर के बाद दंगे भड़के थे। इसकी प्रतिक्रिया में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान और आज के बांग्लादेश में दंगे भड़के जिनमें 29 हिंदू मारे गए थे। साथ ही भारत विभाजन का भी गुस्सा भारतीय हिन्दुओं में था। उसका बदला लेने के लिए बंगाल के गाँवों में मुसलमानों के खिलाफ हमले होने लगे और बाद में कोलकाता भी इसकी चपेट में आ गया। जनवरी के आखिर तक दंगों पर काबू पा लिया गया था।

**महाकुंभ मेला शुरू–** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम तट पर महाकुंभ का आज से आगाज हो रहा है। यह मेला मकर संक्रांति (जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है) के शुभ अवसर पर पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होता है। 12 पूर्ण कुंभ के पूरे होने पर 144 वर्षों के बाद एक बार महाकुंभ का आयोजन होता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश के लिए देवताओं व राक्षसों में युद्ध हुआ। भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर कलश को अपने वाहन गरूड़ को दे दिया। गरूड़ द्वारा कलश ले जाते समय मार्ग में कुछ बूंदे हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज में गिर गयी। तभी से लोग मोक्ष प्राप्ति की कामना के लिए पवित्र नदियों में 'अमृत स्नान' के लिए आते हैं। इस दौरान यहां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम नदी जल में स्नान करना पवित्र माना जाता है।

# दिवस विशेष

13 जनवरी

मधु प्रिया


# लोहड़ी का त्योहार 13जनवरी




लोहड़ी का त्योहार सूर्यदेव और अग्नि को समर्पित है। इस त्योहार में लोग नई फसलो को लोग अग्निदेव को समर्पित करते हैं। पौराणिक शास्त्रों के अनुसार, अग्नि की देवी-देवताओं का भोग होता है।  ऐसी मान्यता है कि लोहड़ी के पर्व के माध्यम से नई फसल का भोग सभी देवताओं तक पहुंच जाता है। यह त्यौहार मकर संक्राति से एक दिन पहले 13 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता हैं। लोहड़ी त्यौहार के उत्पत्ति के बारे में काफी मान्यताएं हैं जो की पंजाब के त्यौहार से जुडी हुई मानी जाती हैं। कई लोगो का मानना हैं कि यह त्यौहार जाड़े की ऋतू के आने का द्योतक के रूप में मनाया जाता हैं। लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध त्योहार है। यह मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। मकर संक्रान्ति की पूर्वसंध्या पर इस त्यौहार का उल्लास रहता है। रात्रि में खुले स्थान में परिवार और आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बना कर बैठते हैं। इस समय रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि खाए जाते हैं। लोहड़ी पौष के अंतिम दिन, सूर्यास्त के बाद (माघ संक्रांति से पहली रात) यह पर्व मनाया जाता है। यह प्राय: 12 या 13 जनवरी को पड़ता है। यह मुख्यत: पंजाब का पर्व है, यह द्योतार्थक (एक्रॉस्टिक) शब्द लोहड़ी की पूजा के समय व्यवहृत होने वाली वस्तुओं के द्योतक वर्णों का समुच्चय जान पड़ता है, जिसमें ल (लकड़ी) +ओह (गोहा = सूखे उपले) +ड़ी (रेवड़ी) = 'लोहड़ी' के प्रतीक हैं। श्वतुर्यज्ञ का अनुष्ठान मकर संक्रांति पर होता था, संभवत: लोहड़ी उसी का अवशेष है। पूस-माघ की कड़कड़ाती सर्दी से बचने के लिए आग भी सहायक सिद्ध होती है-यही व्यावहारिक आवश्यकता 'लोहड़ी' को मौसमी पर्व का स्थान देती है। पूर्ण परमात्मा की सद्द भक्ति ही सुख दायक है।

Teachers of Bihar
The change makers

जन्मदिन विशेष 13 जनवरी राकेश कुमार




**राकेश शर्मा** *Rakesh Sharma*, जन्म:13 जनवरी, 1949 पटियाला, पंजाब) भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री थे। उन्हें अंतरिक्ष यान में उड़ने और पृथ्वी का चक्कर लगाने का अवसर 2 अप्रैल, 1984 में मिला था। वे विश्व के 138वें अंतरिक्ष यात्री थे। स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा ने लो ऑर्बिट में स्थित सोवियत स्पेस स्टेशन की उड़ान भरी थी और सात दिन स्पेस स्टेशन पर बिताए थे।



# टॉम क्रूज

( हॉलीवुड अभिनेता )

## डिसलेक्सिया बीमारी से पीड़ित थे ...

### संघर्ष

हॉलीवुड के टॉप हीरो टॉम क्रूज डिसलेक्सिया से पीड़ित थे। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को कुछ भी याद रखने और बोलने में दिक्कत होती है। बारह साल के उम्र तक वे लगभग पन्द्रह स्कूल बदल चुके थे। जब क्रूज बारह साल के थे उस समय उनकी माँ ने अपने पति को बुरे बर्ताव के कारण छोड़ दिया और अपने साथ क्रूज और उनकी बहन को ले गयी। टॉम को आर्थिक तंगी से निकलने के लिए अखबार बेचना पड़ा। पढ़ाई में कमजोर होने के कारण खेल की तरफ ध्यान दिया लेकिन वहाँ भी भाग्य ने साथ नहीं दिया। चौदह वर्ष की उम्र में पादरी बनने का प्रशिक्षण लेना शुरू किया लेकिन यह उन्हें रास नहीं आया। पारिवारिक संघर्षों से जीवन भर परेशान रहे।

### सफलता

आज वे हॉलीवुड के सबसे प्रभावशाली अभिनेता के रूप में जाने जाते है। एक्टिंग करियर के शुरूआती पाँच सालों में ही इन्होंने खुद को साबित कर दिया। रिस्की बिज़नेस, टॉप गन, मिशन इम्पॉशिबल जैसी सुपरहिट फिल्मों को देने वाले टॉम क्रूज ने तीन गोल्डन ग्लोब पुरस्कार भी जीता है। बेस्ट एक्टर, बेस्ट सर्पोटिंग एक्टर, एक्सीलेंस इन फिल्म, बॉक्स ऑफिस स्टार, फेवरेट मुवी स्टार, पीपुल च्वॉइस स्टार जैसी कई अवॉर्डस इनकी झोली में है। टॉम क्रूज ने अपने संघर्ष के दम पर सफलता की नई इमारत खड़ी की है।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 13.01.2025

## कथानक

कथानक वह तरीका है जिससे कहानी प्रस्तुत की जाती है। जबकि कहानी कथा में घटनाओं का क्रम है, कथानक वह तरीका है जिससे लेखक इन घटनाओं को प्रस्तुत करना चुनता है, या तो रैखिक रूप से, एपिसोड की एक श्रृंखला के रूप में, या यहां तक कि क्रम से बाहर भी।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



एफिल टॉवर को हर 7 साल में लगभग 60 टन पेंट से पूरी तरह से हाथ से पेंट किया जाता है, कोई रोलर नहीं, कोई स्प्रे गन नहीं, केवल ब्रश से पेंट करने की अनुमति है।

# विभिन्न तत्वों से परिचय

## रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

# तत्व (Element)

## लिथियम ( Lithium)

संकेत (Symbol) - Li

परमाणु संख्या (Atomic number) -3

समूह (group)-1

आवर्त (period)-2


ब्लाक (block)-S

संयोजकता (valancy)-1

समस्थानिक (isotope)-2

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास - $1s^2\ 2s^1$

परमाणु भार A.weight -6.941




### खोज

1817,जोहान ऑगस्ट

### भौतिक गुण

चांदी जैसी सफेद, क्षारीय धातु, अत्यधिक प्रतिक्रियाशील

### रासायनिक गुण

ताप एवं विधुत सुचालक

### उपयोग

लिथियम बैटरी, मोबाइल में, ग्रीस बनाने में

Anu priya

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## खेल सामान्य ज्ञान

**Q.1** युकी भांवरी का संबंध किस खेल से है ?

उत्तर: टेनिस

**Q.2** स्पर्श रेखा किस खेल से सम्बन्धित हैं ?

उत्तर: कबड्डी

**Q.3** थ्री सेकण्डस् किस खेल से सम्बन्धित हैं ?

उत्तर: बास्केटबॉल

**Q.4** अपर कट किस खेल से सम्बन्धित हैं ?

उत्तर: क्रिकेट

**Q.5** खो-खो में कितनी क्रॉस लेन्स होती है ?

उत्तर: 8 क्रॉस लेन्स

**Q.6** हॉकी का जादूगर किसे कहते हैं ?

उत्तर: मेजर ध्यानचन्द

**Q.7** कनाडा का राष्ट्रीय खेल क्या है ?

उत्तर: आइस हॉकी

**Q.8** संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रीय खेल क्या है ?

उत्तर: बेसबॉल

**Q.9** भारत का राष्ट्रीय खेल क्या है ?

उत्तर: हॉकी

**Q.10** कबड्डी खेल का जन्मदाता देश किसे कहा जाता है ?

उत्तर: भारत

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 497

### बिहार के किस जिला में सबसे अधिक अनुमंडल हैं ?

A. रोहतास

B. पूर्णिया

C. मधुबनी

D. पटना



सही उत्तर: D

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
राकेश शर्मा
जन्म 13 जनवरी 1949
Madhu priya
/teachersofbihar


13 जनवरी
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
लोहड़ी
की हार्दिक शुभकामनाएं
PUNITA KUMARI
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change Makers




## राकेश शर्मा

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

13 जनवरी 1949

HAPPY BIRTHDAY

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari